**खबर संक्षेप**

## राज्य मंत्री का घुनघुटी में हुआ भव्य स्वागत



**उमरिया।** कोतमा विधानसभा 86 के विधायक नव नियुक्त राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का प्रथम आगमन पर शुक्रवार को घुनघुटी चौराहे में पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शिवहरे व समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देकर फूलमाला पटाखे व मुंह मीठा करके मंत्री दिलीप जायसवाल का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में भाजपा कार्यकर्ता अभय शिवहरे, रघुराज सिंह, गोपाल शिवहरे, अभिषेक शिवहरे, सतीश यादव, सुरेश शिवहरे सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

**शहडोल।** कोतवाली पुलिस से 46 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार हुआ है, महिला अपनी नाबालिग पुत्री के साथ कोतवाली पहुंच बताया कि वह मजदूरी का काम करती है, उसके पति की मौत को 4 साल हो चुके है, उसकी तीन लड़कियों व एक पुत्र की शादी हो चुकी है, एक नाबालिग पुत्री एवं पुत्र उसके साथ घर में रहते है, नाबालिग छोटी लड़की अच्छे से बोल नहीं सकती। शिकायत में बताया कि शनिवार को रोज की तरह काम करने शहडोल गई थी, घर पर छोटा लड़का और 17 वर्षीय पुत्री घर पर थी, शाम को 06 बजे अपने घर पहुंची तो पुत्री जमीन में लेटी थी और अपने दोनों पैर को ऊपर करके हिला रही थी। तो मैनें पुत्री से पूछा तो, कुछ नही बताई, मेरे चिल्लाने के बाद सो गई। कुछ देर से पैर ऊपर करके हिलाने लगी और कप-कपाने लगी थी। तो मैं उसको अपने पास रखी दर्द की गोली दे दी। फिर रविवार को मैं खाना बना के पुत्री को खिलाई और दवाई दी थी, फिर सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को मैं रोज की तरह काम करने आ गई। घर में पुत्र-पुत्री रहते थे। गुरूवार को शाम को घर पहुंची तो, पुत्र से पूछी कि हमारे घर मैं कौन आता है, तो पुत्र ने बताया कि युवक तीन चार दिन से आ रहा है। तो मै बोली कि क्यों आता है तो गोलू बोला कि बाहर से पानी मांगता है, तो मैं पानी देकर खेलने चला जाता था। तब मैं अपनी लड़की मनीषा से पूछी कि युवक आते हैं, उसने भी इशारे से सारी बाते बताई, फरियादिया ने बताया कि उक्त युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार किया है, पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 376 (2) (एन), 376 (2) (एल) पाक्सो एक्ट के तहत मामला कायम किया है।

## महामहिम के प्रवास के दौरान चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**शहडोल।** महामहीम राज्यपाल मंगूभाई पटेल 29 दिसम्बर को शंभूनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों समेत जिला एवं अन्य जिलों का पुलिस बल भारी संख्या में ड्यूटी हेतु तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था से महामहिम राज्यपाल का भ्रमण कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ।

### पं. एसएनएस विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ तृतीय दीक्षांत समारोह

# सिकल सेल को मिटाने साझा प्रयास करने होंगेः राज्यपाल











**शहडोल।** सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है जो ज्यादातर जनजातीय क्षेत्रों के लोगो में पाई जाती है। सिकल सेल बीमारी को समूल नष्ट करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। इस आशय के उद्गार राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने जिले के पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर कहा। राज्यपाल ने जानकारी दी कि सिकल सेल बीमारी के प्रति लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है इसमें सभी नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विद्यार्थी सतत रूप से सहयोग करें। बीमारी की जॉच करवाना आवश्यक है, युवाओ की शादी करने से पहले माता-पिता सिकल सेल की जांच कराएं तथा अगर युवक और युवती में सिकल सेल की बीमारी पाई जाती है तो ऐसे युवाओं की शादी नही करें।

### युवा देश के भविष्य हैं

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा की देश में नई शिक्षा प्रणाली प्रारंभ की गई है। इस प्रणाली से कॉलेज, स्कूलों में युवाओं को सस्ती एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलाना है। इसका विस्तार कॉलेज, स्कूलों में बेहतर ढंग से किया जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में अपने माता-पिता को कभी नही भूलना चाहिए क्योंकि माता-पिता अपने बच्चों को कठिनाईयों से शिक्षा दिलाते है, हमें उनका सदैव आदर एवं सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा देश के भविष्य है, उन्हें ऐसा कोई भी काम नही करना चाहिए, जिससे मातृभूमि, माता-पिता एवं गुरूजनों पर लांछन नही लगे। राज्यपाल ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण के सूत्रधार है, युवा समाज और देश के सर्वांगीण विकास में योगदान दें।

### शिक्षा का महती योगदान

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पंड़ति शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के कुलपति राम शंकर ने कहा कि पंड़ति शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने साहित्य कला, सांस्कृति कला के क्षेत्र में आयाम स्थापित किये है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र के विकास में उच्चतर शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है इससे पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय अपनी भूमिका से अवगत है और सजग है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम विद्यार्थियों को मूल आधारित शिक्षा दें, जिसमें मानवीयता, नैतिकता, प्रेम, अंहिसा, सत्य, शांति और जीवन शैली निहित हो। दीक्षांत समारोह में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, कुलपति पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल प्रोफेसर राम शंकर, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी विनोद कुमार, कमिश्नर शहडोल संभाग छोटेलाल सिंह, एडीजीपी डी.सी. सागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### वितरित किये मेडल एवं उपाधि पत्र

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधि पत्र प्रदान किया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर 36 छात्रों को गोल्ड प्रदान किया गया। माननीय राज्यपाल ने पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय से पीएचडी धारकों को भी विभूषित किया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर यूजी टापर्स में बीएमसी से समीक्षा श्रीवास्तव, जोया, जया वर्मा, मुस्कान जेठानी, जीनत अफजा, बीकाम से ईशा चेलानी, यशमिता गुप्ता, भारती सिंह बीए से मीनाक्षी सराफ, पूर्वा ठाकुर, सौरभ तिवारी, अनुष्का दुबे, पीएचडी की उपाधि गीता सिंह, अनुराधा शुक्ला, अलका सिंह परिहार, संदीप कमार पाण्डेय, मनीष महरा, गुलाम साबरी अहमद एवं शरीन बानो को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। पीजी टापर्स में गोल्ड मेडल एमए से साक्षी मोंगरे, चिरंजीव चंद्रा, प्रशांत मिश्रा, कामिनी मिश्रा, आकांक्षा श्रीवास्वत, एमएसडब्ल्यू से दीपा पाण्डेय, शेन मसी, विशाखा चिहटोल, नीलू अनिल सिंह, आस्था गुप्ता सहित अन्य छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया।

### हितग्राहियों को वितरित किये हितलाभ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत हर्री में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल ने शासकीय योजनाओं से लाभाविंत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। माननीय राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सुखराम बैगा को वृद्वा पेंशन योजना, सारिता बैगा को प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, मस्त्य हेतु ओमप्रकाश केवट, सूरज कचेर को क्रेडिट कार्ड, शिवलाल बैगा को सबंल पंजीयन कार्ड, हिना बैगा को सिकल सेल कार्ड सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया गया।

# निर्माण कार्य में नाबालिग कर रहे मजदूरी



### सूचना पटल का पता नहीं, सचिव कर रहा मनमानी

**करकेली।** पंचायतों में एक ओर तो मजदूरों को काम नहीं मिलने की शिकायत प्राप्त होती है और दूसरी ओर कभी तो सरपंच सचिव अपने ही रिश्तेदारों के नाम से जॉब कार्ड भर लेते हैं तो कभी अन्य लोगों से काम चलाया जाता है। हाल ही में करकेली जनपद की ग्रामपंचायत मझगवां 61 में नाबालिग बच्चो से काम कराने का मामला प्रकाश में आया है। पंचायतों के अंदर कितनी अंधेर मची हुई है चूंकि यह देखने की फुर्सत किसी अधिकारी के पास नहीं इसलिए सरपंच व सचिव सारा खेल खेलते रहते हैं। आज तक शासन की मंशा के अनुसार न तो जॉब कार्ड का संधारण हुआ और न श्रमिकों को मनरेगा का खास लाभ मिल सका। शासन ने बालश्रम को भले ही अपराध की श्रेणी में लाकर उस पर प्रतिबंध लगाया हो लेकिन यहां सरपंच व सचिव को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्हे वयस्क श्रमिक तो मिलते नहीं काम चलाने के लिए वे बच्चों को ही पकड़ लेते हैं। मझगवां 61 में भरोसा सिंह के खेत में बंधी निर्माण का कार्य चल रहा है। उस श्रमसाध्य कार्य में सचिव ने नाबालिग बच्चों को लगा रखा है। जब कुछ लोगों की नजर पड़ी और लोग वहां पहुंचे तो कई बच्चे भाग खड़े हुए और कई वहीं पर खड़े रह गए। जब इस संबंध में पूछताछ की गई तो कह दिया कि बच्चे काम नहीं कर रह थे। काम तो उनके बड़े लोग करते हैं।

बच्चों के दम पर जो निर्माण कार्य चल रहा है वह कितना मजबूत होगा सहज ही अनुमानित है। बताते हैं कि बंधी निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नही दिया जा रहा है। केवल बजट का दुरुपयोग किया जा रहा है। बताते हैं कि बंधी निर्माण की उपयोगिता अभी अधिक नहीं थी। जिस जगह लोगों को जरूरत है वहां निर्माण कार्य नही कराया जाकर अन्यत्र बंधी बनवाई जा रही है। इस मामले में कुछ ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक से चर्चा भी की। लेकिन वे सुनने को तैयार नहीं हुए और घटिया निर्माण कराकर रकम फूंकी जा रही है।

निर्माण स्थल पर कार्य का कोई ब्यौरा पता नहीं चलता क्यों कि यहां सूचना पटल नहीं लगाया गया है। जबकि नियमतः कार्यों का ब्यौरा सार्वजनिक करने के लिए सूचना पटल लगाया जाना आवश्यक होता है। इसमें लागत, निर्माण एजेंसी, निर्माण तिथि, कार्य का प्रकार सब दर्शाया जाता है। लेकिन सचिव की मनमानी के सामने सारे नियम कायदे बेमानी हो जाते हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी है लेकिन सचिव शायद सब पर भारी पड़ रहा है। कोई अधिकारी यहां सचिव को शायद नाराज करना नही चाहता।



### यात्री बसों की एडीजी, एसपी ने की चेकिंग

**शहडोल।** पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से नगर के बस स्टैण्ड का भ्रमण करते हुए बसों का औचक निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल डी.सी.सागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक एवं प्रभारी कलेक्टर राजेश कुमार जैन के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा बसों की फिटनेस, बीमा सर्टिफिकेट, आपातकालीन दरवाजे, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट-एड बॉक्स, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्रायवरों की निर्धारित वर्दी आदि की जांच की गई। पुलिस द्वारा लगभग 21 बसों के दस्तावेजों की जांच की गई एवं बसों का निरीक्षण किया गया। जिसमें से 10 बसों में निर्धारित मापदंडो के अनुरूप कमियां पायी गई। जिस पर उक्त बसों पर चालानी कार्यवाही की जाकर 16,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। बस स्टैण्ड पर फूड डिपार्टमेंट की टीम बुलवाई जाकर वाहनों के फ्यूल की भी जांच करायी गई। बस संचालकों एवं बस ड्राईवरों को इस बावत कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया है कि यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करेंगे एवं उल्लंघन करते पाये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश दीक्षित, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विनय गहरवार एवं पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# सिंधी समाज बुढ़ार-अमलाई ने राज्य मंत्री का किया स्वागत

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री कोतमा विधानसभा के विधायक दिलीप जायसवाल के राज्य मंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद शहडोल जिले का प्रथम आगमन हुआ, इस दौरान बुढ़ार में पूज्य सिंधी समाज के अध्यक्ष दौलत मनवानी, प्रकाश कृष्णानी, अर्जुन दास नथनी, बल्लू विशनानी तथा अन्य दर्जनों पदाधिकारी के साथ ही नगर परिषद बुढ़ार के पूर्व अध्यक्ष कैलाश विशनानी, पूज्य सिंधी समाज अमलाई के अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि कैलाश लालवानी तथा अन्य दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बुढ़ार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री जायसवाल का माल्यार्पण तथा शाल व श्रीफल देकर स्वागत किया, इसके साथ ही जयसिंहनगर विधायक जयसिंह मरावी और क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह का भी अभिनंदन किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में स्थानीय जन मौजूद रहे। बुढ़ार पहुंचने के दौरान मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का पटाखे फोड़ कर स्वागत किया गया और आयोजित कार्यक्रम के दौरान जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के दो सैकड़ा से अधिक नागरिक, प्रबुद्ध जन, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी गण मौजूद रहे। दिलीप जायसवाल को इस दौरान सभी ने बधाइयां दी। उन्होंने सभी की आकांक्षाओं पर खरे उतरने का आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प सब मिलकर पूरा करेंगे, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार प्राथमिकता पर रहेगी।



# नवनियुक्त राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया है कि मध्य प्रदेश शासन के नव नियुक्त राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के शहडोल आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया, वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के नेतृत्व में मध्य प्रदेश शासन के नवनियुक्त राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का नगर आगमन पर जयस्तंभ चौक सर्किट हाउस सहित नगर में जगह-जगह आम जनमानस सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं पुष्पगुच्छ फूल माला, मिठाई खिलाकर अनूपपुर के कोतमा से विधायक मध्य प्रदेश शासन के नव नियुक्त राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम रखा गया, जहां कार्यक्रम की शुरुआत में मंचासीन अतिथियों द्वारा पार्टी की परंपरा अनुसार भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की ओर से जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का पुष्पगुच्छ, साल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, ब्यौहारी विधायक शरद कोल, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा उपस्थित रहे।



# जिले में पुलिस द्वारा चलाया गया बसों का संघन चैकिंग अभियान

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह एंव अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे द्वारा जिला परिवहन टीम के साथ डायमण्ड तिराहा पर बसों का चैकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सभी बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक, परिचालक के लायसेंस, इमरजेंसी गेट आदि चैक किये चौकिंग के दौरान 19 बसों के इमरजेंसी गेट विधिवत नही पाये गये जिन पर कार्यवाही करते हुए 19000 रूपये का जुर्माना लगाया गया, 01 बस में प्रदूषण प्रमाण पत्र न पाये जाने पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। 118 बसे हुई चैक, कमी पाये जाने पर 33 बसों पर हुई चालानी कार्यवाही कर 33000 का लगाया जुर्माना वाहन चौकिंग के दौरान अनु.वि.अधि.(पु.) पन्ना थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे,सउनि.मो.सखी हाशमी, प्र.आर. सुरेश कुमार, कमलेश सिंह, रामपाल बागरी एवं आर. पवन तिवारी परिवहन विभाग पन्ना के नन्दी लाल वर्मन, शिवम श्रीवास्तव, श्रीकांत शर्मा, जाफर अली, सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### टावर के पास युवती ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

**नौरोजबाद।** थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन के करीब टावर में स्थानीय युवती ने आत्मघाती कदम उठाया है ,जिसमे खबर है कि युवती (परिवर्तित नाम) खुशबू पिता ओमकार बर्मन उम्र करीब 20 वर्ष की मृत्यु हो गई है। मृत युवती ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है, फिलहाल साफ नहीं है,हालांकि पुलिस इस पूरे मामले में मर्ग कायम कर तफ्तीश में जुट गई है। बताया जाता है कि युवती के द्वारा आत्मघाती कदम की जानकारी लगते ही परिजनों ने आनन-फानन में युवती को चिकित्सक तक ले गए पर देर हो चुकी थी, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से वहां मातम पसरा हुआ है।

### कार की ठोकर में मामा-भांजी घायल,108 ने पहुंचाया अस्पताल

**नौरोजबाद।** थाना अंतर्गत हाइवे स्थित बन्ना नाला के पास कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हुई है, इस हादसे में मामा-भांजी गम्भीर रूप से चोटिल बताए जा रहे है, देर शाम करीब 6:30 बजे हुए इस हादसे के बाद दोनो घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो घायल प्रदीप बैगा अपनी भांजी को लेने मझगवां गया था, हादसे के पूर्व घायल प्रदीप बैगा अपनी 16 वर्षीय भांजी प्रतिभा बैगा को लेकर मझगवां से करही टोला आ रहा था, तभी हाइवे स्थित बन्ना नाला के पास विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार की चपेट में आ गया और दोनो मामा-भांजी गम्भीर रूप से घायल हुए है। बताया जाता है कि मामा प्रदीप बैगा को सर ,पैर सहित शरीर में कई जख्म गम्भीर चोट है, वहीं भांजी प्रतिभा का पैर इस हादसे में गम्भीर रूप से चोटिल हुआ है। फिलहाल दोनो घायल जिला अस्पताल पहुंच गए है और इलाजरत है।

### राज्यमंत्री ने मां बिरासिनी की पूजन अर्चन कर खुशहाली की मांगी दुआएं



**उमरिया।** प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के उमरिया जिले मे प्रथम आगमन पर जिले के पाली स्थित प्रसिध्द मां बिरासिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश के विकास, प्रदेशवासियो के खुशहाली की दुआएं मांगी। इस अवसर पर बांधवगढ़ विधायक शिवनारायन सिंह, मनीष सिंह, एसडीएम टी. आर. नाग, तहसीलदार दिलीप सोनी, जिला पंचायत सदस्य बेला सिंह, अर्जुन सैयाम, नगर पालिका अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, राममिलन यादव, संजय सोनी, राजेश अग्रवाल, महेंद्र पटेल, रामनरेश महोबिया, विनोद सिंह, दिलीप प्रजापति, प्रमोद उर्फ सैलू सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### दर्द और बेबसी से लड़ रहे राकेश केवट का समाजसेवी ने करवाया इलाज



**राजनगर।** बनगवां राजनगर मे राकेश केवट कई दिनों से गंभीर बीमारी को लेकर दर बदर भटक रहा था मदद की गुहार लगा रहा था जब यह बात गणेश पनिका को पता चला तो वह तुरंत जिला अस्पताल अनूपपुर में भर्ती कराकर इलाज करवाया। राकेश केवट का हाथ इन्फेक्शन के कारण खराब होते जा रहा था अब वह लगभग ठीक होने के कगार पर है।

---

अमृत सरोवर के लिए ग्रहण बने जिम्मेदार

# पाली जनपद पंचायत में अनियंत्रित होता भ्रष्टाचार



वर्षा जल संरक्षण के लिए शासन की ओर से वृह्द स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर विकसित किए गये, अमृत सरोवरों को विकसित करने के लिए शासन की ओर से भारी भरकम बजट भी दिया गया, लेकिन यह अमृत सरोवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं, बिरसिंहपुर पाली जनपद क्षेत्र में तो सरोवरों की जमीनी हकीकत ही अलग है।



**उमरिया।** ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंरक्षण और स्थानीय जरूरतों की पूर्ति के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ गांव के लोगों को सुरम्य वातावरण मुहैया कराने के उद्देश्य से चलाई गई अमृत सरोवर योजना दम तोड़ती नजर चुकी है। इसकी बानगी जिले के बिरसिंहपुर पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत गिंजरी में बने अमृत सरोवर में देखी जा सकती है। यहां मनरेगा योजना के तहत 14 लाख 99 हजार के बजट के साथ शुरू किए गए अमृत सरोवर के निर्माण में डेढ़ साल गुजरने के बावजूद न तो किनारों पर हरियाली नजर आ रही है और न ही इस साल की पर्याप्त बारिश के बावजूद सरोवर में मापदण्ड के अनुसार पानी नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है जिले की चयनित पंचायतों में मनरेगा योजना के माध्यम से अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है। इसी क्रम में बिरसिंहपुर पाली विकास खंड की ग्राम पंचायत गिंजरी में भी अमृत सरोवर के निर्माण के लिए लाखों रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें सरोवर के निर्माण के साथ इसके किनारों पर पौधरोपण के साथ अन्य कार्य किए जाने थे, लेकिन धरातल पर निर्माण की गुणवक्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### मनरेगा अधिकारियों की बेफिक्री

मनरेगा योजना के तहत बिरसिंहपुर पाली की पंचायतों में दर्जन भर अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य दिया गया था, जिनमें सभी जगहों पर मनरेगा योजना के तहत काम किया गया, लेकिन तत्कालीन मनरेगा अधिकारियों की बेफिक्री का आलम यह था कि इन कार्यो की समुचित मानीटरिंग नहीं की गई, जिसके कारण गिंजरी पंचायत में अमृत सरोवर अपनी दुर्दशा के आंशू बहा रहा है, हालाकि अधिकारियों का दावा है कि अधिकांश तालाबों में पानी का संरक्षण किया गया है। जिसका उपयोग सिंचाई और मवेशियों के पीने तथा ग्रामीणों के निस्तार के लिए किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर अमृत सरोवरों की स्थिति को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि योजना में किस स्तर का भ्रष्टाचार हुआ है।

### वेस्ट वेयर से खुली पोल

गिंजरी पंचायत के ग्रामीणों का आरोप है कि अमृत सरोवर निर्माण में सरपंच, सचिव सहित तत्कालीन उपयंत्री ने मिलकर जमकर धांधली की है और सरकारी धन का बंदरबांट किया है। अमृत सरोवर में मानक के अनुसार कार्य नही कराया है। जबकि घटिया सामग्री का उपयोग करने से अमृत सरोवर तालाब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है, जिम्मेदार अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। निश्चित रूप से वाह वाही लूटने वाले सरपंच-सचिव के विकास कार्यों की अमृत सरोवर में बने वेस्ट वेयर ने पोल खोल कर रख दी है, इससे साफ तौर पर कहा जा सकता है कि और भी बहुत से गांव में विकास कार्य कराए गए हैं, जिसमे जमकर भ्रष्टाचार किया गया होगा, जो जांच का विषय है। फिलहाल जो भ्रष्टाचार की तस्वीरें है, खुद इसका सबूत है कि सरपंच, सचिव और तत्कालीन उपयंत्री ने गिंजरी पंचायत में अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य में सरकारी धन को किस तरह से लूटा है, तस्वीरों में साफ-साफ देखा जा सकता है।

### यह भी करना था साहब

## गिंजरी पंचायत में सचिव-सरपंच, उपयंत्री की तिकड़ी ने मिलकर किया खेल

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना को पलीता लगाने में सरपंच-सचिव सहित तत्कालीन उपयंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी, आधे-अधूरे अमृत सरोवर पर 15 अगस्त को झण्डा वंदन किया गया, नियमों के तहत अमृत सरोवर के चारों ओर पैदल पथ ऊंची दीवार के साथ सीढ़ी युक्त रैंप तालाब में पानी के प्रवेश द्वार, निकासी के लिए आउटलेट-इनलेट, तालाब के चारों ओर तार के माध्यम से फैंसिंग लगाने और बैठने के लिए बेंच आदि का निर्माण कार्य किया जाना था, तालाब के चारों ओर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपना भी एजेंड़े में था, लेकिन गिंजरी पंचायत में हुए अमृत सरोवर निर्माण में जिम्मेदारों ने ऐसा खेल किया कि पूरी योजना धरी की धरी रह गई।

### अफसरों को कमीशन से मतलब

जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली का भ्रष्टाचार दिनोदिन अनियंत्रित होता जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और जनपद सीईओ आंखो में पट्टी बांधे बैठे हैं। मुद्दे की बात यह है कि कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत ने प्रशासन में कसावट लाने और अनुशासन बनाए रखने का कर्तव्य त्याग दिया है। चारो ओर अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं का बोलबाला है। सरेआम सरकारी खजाने में लूट मचाई जा रही है। अफसरों को केवल अपने कमीशन से मतलब रहता है। ग्राम पंचायत गिंजरी में लाखों की लागत से अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब स्वीकृत हुआ, लेकिन धरातल पर योजना के अनुसार कोई काम नहीं हुआ। यही हाल कुछ अन्य पंचायतों में भी है, सीईओ को सारी स्थितियां पता है, लेकिन उन्होंने कभी हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं समझा।

### इनका कहना है...

अमृत सरोवर हमारे कार्यकाल का नहीं है, संभवतः इस मामले की जांच जिला स्तर से कार्यपालन यंत्री को मिली है।

रश्मि द्विवेदी

उपयंत्री

जनपद पंचायत, बिरसिंहपुर पाली

*******

मैनें अप्रैल माह में प्रभार लिया है, यह अमृत सरोवर मेरे कार्यकाल का नहीं है, जिला स्तर से जांच दल गठित किया गया है।

शैलेन्द्र ठाकुर

एपीओ

जनपद पंचायत, बिरसिंहपुर पाली

---

## सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़े घायल कुकल पक्षी को सुरक्षित उड़ाया



**उमरिया।** बीजों के वितरण और कीट नियंत्रण मे अहम भूमिका निभाने वाला इको सिस्टम का अहम हिस्सा साउथर्न कुकल पक्षी पैर से चोटिल होकर धमोखर के करीब सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा था। पार्क कर्मी कमलेश नंदा उसी रास्ते अपने बीट जा रहे थे, तभी उन्होंने घायल पक्षी को देखा और सहसा गाड़ी खड़ा करके मानवीयता का परिचय देते हुए उसे पानी पिलाया और होश में आने तक उसे पास रखा, बाद में पैर से निकलते खून का मरहम पट्टी किया और फिर आसमान की ऊंचाई में हाथ ऊपर कर के पक्षी को उड़ा दिए। वन कर्मी ने जैसे ही पक्षी को उड़ाया, वो एक पेड़ पर जाकर टकटकी निगाह से वन कर्मी को देखने लगा, जैसे कुकल पक्षी उन्हें धन्यवाद कह रहा हो। ये एक मार्मिक खबर है, जो हम सभी को वन्य जीव और वन्य प्राणियों के प्रति प्रेम रखने की नसीहत देता है।

## स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री के प्रथम आगमन पर जिलेवासियों ने किया स्वागत

**उमरिया।** प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के जिले में प्रथम आगमन पर जिले भर मे गर्म जोशी से स्वागत किया गया। जिला मुख्यालय उमरिया मे विधायक शिवनारायण सिंह, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, तहसीलदार सतीश सोनी, सहायक संचालक जनसंपर्क गजेन्द्र व्दिवेदी, दिलीप पाण्डेय, मिथलेश पयासी, आशुतोष अग्रवाल, राकेश शर्मा, धनुषधारी सिंह, संतोष गुप्ता, सुमित गौतम, दीपक छतवानी, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कोल, सुजीत भदौरिया, नीरज चंदानी, संजय तिवारी, विक्रम सिंह, राहुल लालवानी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिको ने स्वागत किया। मंत्री श्री जायसवाल का चंदिया, नौरोजाबाद, पाली तथा घुनघुटी आदि स्थारनों में स्वागत किया गया।



## छग से पेपर मिल जा रहे लकड़ी से लदे वाहन को वन विभाग ने किया जप्त

### टीपी संदेहास्पद पाये जाने पर की कार्यवाही



**कोतमा।** वन विभाग ने रात्रि गस्त के दौरान नीलगिरी से लोड वाहन को पड़कर वन विभाग में खड़ा करवाया। वन परिक्षेत्र अधिकारी एके निगम ने बताया कि 28 दिसम्बर को वन परिक्षेत्र कोतमा के स्टाफ के साथ रात्रि गश्ती दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मुख्य मार्ग में मनेन्द्रगढ़ की तरफ से एक सफेद रंग का ट्रक आता देखा, जो तिरपाल से ढका था, जिसमें लकड़ी लोड होना प्रतीत होने पर उक्त ट्रक का पीछा करने पर वन परिक्षेत्र कार्यालय कोतमा के सामने एनएच 43 मुख्य मार्ग आरएफ 455 में रोका गया। ट्रक के रूकने पर निरीक्षण करने पर सफेद रंग का ट्रक टाटा कंपनी का मॉडल एलपीटी 1109 पाया गया, जिसमे आगे की तरफ पंजीयन क्रमांक एपमी 18 जीए 2885 लिखा पाया गया। ट्रक में नीलगिरी प्रजाति की गीली कटी लकड़ियों छाल सहित लोड पाई गई। परिक्षेत्र सहायक कोतमा द्वारा ट्रक चालक से पूछताछ करने पर ट्रक चालक ने अपना नाम लल्लू चौधरी पिता मूरा चौधरी साकिन वार्ड क्रमांक 03 बकहो कुदराटोला जिला शहडोल बताया व ट्रक में लोड लकड़ियों को ग्राम रजौली सोनहत, जिला कोरिया छग से लोड कर ओरिएण्ट पेपर मिल अमलाई तक ले जाना बताया गया। उक्त लकड़ियों के परिवहन संबंधी दस्तावेज की मांग किये जाने पर ट्रक चालक द्वारा उक्त लकड़ियों की टीपी जारी होना बताया गया व दिखाया गया उक्त दस्तावेज का परीक्षण करने पर राहदारी पास (टी.पी.) क्रमांक 413/17 जारी दिनांक 28.12.2023 पाया गया, जो प्रथम दृष्टया मूल प्रति न होकर राहदारी पास की छायाप्रति में लेख किया जाना पाया गया तथा टी.पी. क्रमांक में अंकित 17 अंक उपरिलेखन किया जाना पाया गया। प्रथम दृष्टया उक्त दस्तावेज संदेहास्पद पाये जाने पर वाहन की जप्ती कार्यवाही कर मौका पंचनामा लेख किया गया व ट्रक चालक, उपस्थित गवाहों व स्टाफ के हस्ताक्षर कराया गया।

## अवैध रूप से परिवहन करते वाहन से 6 पड़ा जप्त



**कोतमा।** पुलिस ने पिकअप वाहन में 6 नग पड़ा अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 28 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि गोडारू गांव की तरफ से वाहन क्रमांक एमपी 19 जीए 5973 में अवैध रूप से मवेशी पड़ा लोडकर निगरानी की तरफ जाने वाला है। तत्काल ही पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार निगवानी गांव तिराहा में वहां को रुकवा कर उसमें लोड मवेशी के कागजात एवं वाहन के कागजात मांगे लेकिन वाहन चालक ने मौके पर किसी भी प्रकार का कागजात नहीं दिखाये। पुलिस ने छह नग पड़ा मवेशी कीमती डेढ़ लाख रुपए एवं पिकअप वाहन कीमती चार लाख रुपए का जप्त कर आरोपी वाहन चालक बसंत कुमार पिता सुबह लाल पटेल निवासी पूर्व थाना रामपुर बघेलान से पूछताछ किया तो उसने वाहन मालिक दीपक कुशवाहा के कहने पर पिकअप वाहन में मवेशी पडो को ग्राम गोडारू अनूपपुर के किसानों से कृषि कार्य हेतु स्वयं खरीदना एवं पिकअप वाहन में लोड कर सतना के लिए जाना बताया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## धान खरीदी केन्द्र में सर्वर ने रूलाया, दो दिन से परेशान किसान



**कोतमा।** वर्तमान में धान खरीदी का कार्य चल रहा है 15 जनवरी अंतिम तिथि है वहीं किसानों के धान स्लॉट सिस्टम से खरीदी की जा रही है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लेंम्पस कोतमा मे दो जगह धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। सर्वर खराबी होने की वजह से किसानों का एफक्यू नहीं हो पा रहा है जिसके कारण किसान दो दिनों से परेशान है। किसानों का कहना है कि लेंम्पस कोतमा अंतर्गत बुढानपुर रोड में मंडी की भूमि पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है गुरुवार को दिनभर लाइट गोल होने की वजह से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही गुरुवार को भी सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन लगी हुई थी ट्रैक्टरों में लोड धन किसानों के मंडी में खड़े थे किसानों ने जब अधिकारियों से जानकारी ली तो अधिकारियों का कहना था कि 2 घंटे से लाइट गोल है और सर्वर भी नहीं चल रहा है जिसके कारण किसान अपनी उपज का धान बेचने के लिए सुबह से देर शाम तक लाइन लगाकर खड़े थे किसान एफ क्यू करने वाले अधिकारी से जब बात कर रहे तो उनका कहना था कि सरवर ही नहीं चल रहा है जिसके लिए हम क्या कर सकते हैं सुबह से लेकर देर शाम तक किसान मंडी में परेशान होते दिखे। इस संबंध में जब कनिष्ठ आपूर्ति खाद्य अधिकारी सीमा सिन्हा से बात की गई तो उनका कहना था कि सभी जगह सर्वर खराब है जिसके कारण हमारे पास किसने की शिकायतें आ रही है इस संबंध में हम भोपाल बात कर रहे हैं जल्दी व्यवस्था में सुधार हो जाएगा।

## नगर परिषद मानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में शिविरों का आयोजन लगातार जारी है। 29 दिसंबर को मानपुर नगर परिषद के बस स्टैंड में शिविर का आयोजन किया गया तथा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।
नगर पालिका अध्यक्ष भारती सोनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है, जहां विश्व स्तर पर देश की साख बढी है वहीं ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रहने वाली जनता के जीवन स्तर में लगातार सुधार आया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल, उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा, किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं को मातृ वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।
एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए भटकना नही पड़े, उन्हें उनके पंचायत या नगरीय क्षेत्रों में वार्डो में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर लगाकर लाभान्वित किया जा रहा है।
शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों व्दारा स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर ही लाभान्वित करने की प्रक्रिया की जाती है। उन्होंने शिविर में उपस्थित आम जनता से आग्रह किया कि वे योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता अनुसार स्टालों में जाकर आवेदन करें जिससे उन्हें योजनाओं का त्वरित लाभ दिया जा सके। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों व्दारा भी शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में विभिन्न विभागो के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों व्दारा विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जन को दी गई। कार्यक्रम में तहसीलदार के डी पनिका, नगर परिषद मानपुर के सीएमओ भूपेन्द्र पेन्द्रों, पार्षदगण, हरीश विश्वरकर्मा, छोटे सिह, अशोक गुप्ता, सतीस सोनी, शैलेश त्रिपाठी, सुरेश तिवारी, कोदू सिह तथा समस्त विभागों के मैदानी अमला एवं पत्रकार तथा बड़ी संख्या में मानपुर तथा आसपास के ग्रामों के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रहवासी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैस गोदाम/दुकान संचालित नहीं होगी



**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत गैस गोदाम/दुकान जो रहवासी क्षेत्र में संचालित हो रहे है वह बन्द होगें तथा इस प्रकार की सभी दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरण लगाया जाना अनिवार्य होगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर के रहवासी क्षेत्र में संचालित गैस दुकानों को समझाइस देते हुये नोटिस जारी की गई है कि वे रहवासी क्षेत्र में इस प्रकार की दुकानों का संचालन नही करेंगे तथा रहवासी क्षेत्र के बाहर ही दुकानों का संचालन किया जावेगा एवं अनिवार्य रूप से दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरण लगाया जायेगा।

### सीएम राइज विद्यालय मऊगंज में अव्यवस्थाओं का आलम





**मऊगंज।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के द्वारा सीएम राइज स्कूल के नाम से महत्वाकांक्षी योजना ब्लॉक स्तर में खोली गई थी और इन स्कूलों में योग्य शिक्षकों को रखकर पढ़ाई की जानी थी एवं छात्रों को पुस्तके निशुल्क उपलब्ध कराने, प्रैक्टिकल की व्यवस्था एवं छात्रों को आने-जाने की व्यवस्था की जानी थी ।लेकिन सीएम राइज स्कूल मऊगंज में विद्यालय के संचालन की कोई समय सारणी नहीं है, ना ही स्टाफ की कोई सूची लगी है कि स्टाफ कितने लोगों का है, कौन से अध्यापक कौन सा विषय पढ़ाएंगे जिससे विद्यालय के छात्र इधर-उधर घूमते दिख जाते हैं। कुछ छात्र बाउंड्रीवाल कूदकर भागते दिखते हैं। प्राचार्य की निष्क्रियता के चलते विद्यालय की अव्यवस्था के रूप में बदल गया है, सिर्फ विद्यालय के बजट का बंदरबांट किया जा रहा है, पढ़ाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई अभिभावक प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों का नाम कटाकर सीएम राइज स्कूल में प्रवेश दिलाया दिला दिए थे, लेकिन अब यहां की व्यवस्था देखकर नाम कटवाना चाह रहे हैं। विद्यालय की अव्यवस्था के चलते छात्रों का भविष्य अंधकार में दिखाई दे रहा है। छात्रों को अभी तक सभी विषयों की पुस्तक नहीं प्राप्त हुई है जिससे छात्र पुस्तके बाजार से खरीदने के लिए मजबूर हैं, अभी हाल ही में कलेक्टर द्वारा स्कूलों के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया है ,जिससे परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहे लेकिन अव्यवस्था के आलम में छात्रों का भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। अभिभावकों के द्वारा कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विद्यालय की जांच करवाने की मांग की गई है जिस स्कूल के रिजल्ट में सुधार दिखाई दे।

### अष्टभुजा धाम में संगीतमय भागवत कथा 5 जनवरी से

**मऊगंज।** विंध्य प्रदेश के प्रसिद्ध देवालय जगत जननी मां अष्टभुजा धाम नईगढ़ी में 5 जनवरी से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 5 जनवरी शुक्रवार को कलश यात्रा एवं कथा का शुभारंभ होगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य व्यास पंडित तारक रामदास महाराज अयोध्या के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक भक्ति रस की बयार बहेगी। जगत जननी माता अष्टभुजी के भक्तों एवं क्षेत्र के समस्त श्रीमद् भागवत कथा भक्त जनों के आयोजकत्व में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 11 जनवरी को समापन होगा। वही 12 जनवरी को हवन पूर्णाहुति उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।आयोजन समिति के सभी भक्त गणों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से कथा शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रतिदिन निर्धारित समय पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा रूपी अमृतमय गंगा में डुबकी लगाने की अपील की है।

### कोयला निकलाने लक्ष्य प्राप्त करने करें पूरा सहयोग : महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा

# समय बचा है 90 दिन कोयले टारगेट शेष बचा लाखों टन हासिल करने का दम रखते हम



**धनपुरी।** वित्तीय वर्ष में समाप्त होने में 3 माह का समय शेष बचा है, ऐसे में एसईसीएल के सोहागपुर एरिया का प्रबंधन कोयला उत्पादन का सालाना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए डिपार्टमेंटल कोयला उत्पादन करने में हर संभव प्रयास महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा भरपूर सहयोग कर रहे है क्षेत्रीय प्रबंधक खान प्रबंधक अपने दम पर बचे शेष माह में 13 लाख टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया जा रहा है ।



### खुली खदान टारगेट होगा सफल, भूमिगत खदान हो रहा मसक्त

एसईसीएल सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी खदान अमलाई ओसीएम को सालाना लक्ष्य 15 लाख टन दिया गया था लेकिन पिछले वर्ष की तरह इस भी समय के पूर्व यह खदान लक्ष्य से अधिक कोयला निकालने सफल हो जाएगा, वही मेघा प्रोजेक्टर रामपुर बटुरा खदान 10 लाख टन का टारगेट दिया गया है जो यह खदान भी अपना टारगेट पूरा करने में सफल हो जाएगा। भूमिगत माइंसो में बंगवार माइंस, खैरहा भूमिगत माइंस भी पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक टारगेट करने में सफल होगी वहीं दामिनी माइंस, राजेन्दा माइंस अपने काफी दूर है, इतना जरूर है कि एरिया प्रबंधन उत्पादन के मार्ग में आने वाली बाधा को दूर कर लिया है और यह उम्मीद की जा सकती है कि सोहागपुर एरिया येन केन प्रकारेण उत्पादन लक्ष्य हासिल कर सकता है।

### इनका है जोर, जुल्फिकार अहमद अंसारी, एल्बर्ट,वी सिंहा



### ओबी निकालने पर टिका कोयला टारगेट

चेन्नई कंपनी, ढोलू कंपनी यदि मार्च के अंत में ओबी निकालने में सफल होती है तो प्रबंधन टारगेट पूरा करने में सफल हो जाएगा, क्षेत्रीय प्रबंधक जुल्फिकार अहमद अंसारी खान प्रबंधक का यही प्रयास है। अमलाई ओसीएम में चेन्नई राधा इंजीनियरिंग ओबी निकालने का कार्य इमानदारी से अपने काम को अंजाम दे रहा है ।

### बेरोजगार युवक काट रहे खदानो का चक्कर

चेन्नई राधा इंजीनियरिंग के मैनेजर भानु प्रताप के देखरेख में खदान से ओबी निकालने का काम तत्परता के साथ किया जा रहा है। कंपनी ने ओबी निकालने में डंफर, डिल मशीन ,आधुनिक मशीनों के साथ कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि अभी दबाव बस कुछ खास लोगों को अभी लिया गया है अपने काम के अनुसार ही पहले परीक्षण मे पास होने पर ही भर्ती कर रहा है बेरोजगारी को लेकर स्थानीय लोग कार्यस्थल के चक्कर काटते देखे जा रहे हैं स्थानीय लोगों की प्राथमिकता तो मिलनी ही चाहिए भाजपा विधायक स्थानीय युवा बेरोजगारों को रोजगार को लेकर सीएमडी साहब से लगातार संपर्क और मुलाकात की जा रही है ।

## द्विदिवसीय विद्यालयीन वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बिरसिंहपुर पाली।** सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में द्विदिवसीय विद्यालयीन वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें परिषद के योजनानुसार खेल कूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष के रूप में श्री रमाशंकर शिवहरे जी (अध्यक्ष विद्यालय समिति) , मुख्य अतिथि श्री जे. पी. गोस्वामी जी (राष्ट्रीय कुश्ती ,कबड्डी स्वर्ण पदक विजेता ) , विशिष्ट अतिथि श्री कमल भान सिंह जी (खेल शिक्षक ,निर्णायक) श्री विमला प्रसाद शुक्ल (व्याख्याता) , एवं श्री नरेन्द्र सिंह चंदेल (विभाग क्रीड़ा प्रमुख ) , आचार्य परिवार भैया बहनों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का सफल संचालन श्री नंदराम शर्मा (व्याख्याता) ने किया कार्यक्रम में वर्ण एवं शिवाजी सदन, टैगौर सदन, अशोक सदन, रमन सदन के अनुसार भैया बहनों की कुर्सी दौड, रस्सी कूद, गोला फेक, लगडी दौड, 50, मी0100 मी0 ,400 मी0,800 मी0,1500 मीटर दौड, लम्बी कूद आदि विधाओं की प्रतियोगिता सम्पन्न की गई पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवस्थापक एवं सह जिला सचिव मान0 श्री नंदलाल प्रजापति जी का विशेष मार्गदर्शन रहा ।





घुनघुटी राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल स्वागत हुआ घुनघुटी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया

## रतहरा तालाब तथा फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें - उप मुख्यमंत्री



**उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की**

**रीवा।** राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम क्षेत्र के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर का तेजी से विकास हो रहा है। यहाँ चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराएं। रतहरा तालाब का जनवरी के प्रथम सप्ताह में लोकार्पण किया जाएगा। उसके शेष बचे हुए कार्य एक सप्ताह में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड पूरा करा दें। सिरमौर चौराहे में बनाए जा रहे फ्लाई ओवर का कार्य भी दो माह में पूरा करा दें। इसकी रूकी हुई लगभग तीन करोड़ रुपए की राशि का हाल ही में भुगतान कराया गया है। नीम चौराहे में पुलिया तथा सड़क का निर्माण 10 दिवस में पूरा करा दें। जिससे वहाँ का आवागमन सुगम हो सके। पेवर लगाने का कार्य भी साथ ही कराते जाएं। पद्मधर कालोनी के पीछे बीहर नदी पर नया पुल का निर्माण शीघ्र ही शुरू होगा। इससे ढेकहा तिराहे पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य तेजी से करें। बाबा घाट में 200 केएल तथा कोतवाली घाट में 400 केएल के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण तत्काल शुरू कराएं। नदी में किसी भी स्थिति में गंदा पानी नहीं मिलना चाहिए। बाबा घाट से पचमठा तक पेवर ब्लाक लगाने एवं सीसी रोड बनाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। इसके साथ-साथ उपयुक्त स्थानों में वृक्षारोपण भी शुरू कर दें। रिवरफ्रंट के किनारे अलग-अलग प्रजातियों के पौधे रोपित कराएं जिनसे हरियाली और सुंदरता में वृद्धि हो। रतहरा तालाब को नहर से जोड़ने, लैण्डस्केपिंग, वृक्षारोपण तथा फूड जोन का कार्य शीघ्र पूरा कराएं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल लाइन में पार्क के चारों ओर सीवर लाइन का कार्य पूरा होने के साथ ही सड़क का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। पूरे सीवर लाइन में जल भराव की समस्या है। इसे दूर करने के लिए सिविल लाइन पार्क से सैनिक स्कूल के गेट के पास तक तथा राजनिवास रोड से सिविल लाइन रोड तक नाली निर्माण कराएं। पानी की उचित निकासी के बिना पूरे सीवर लाइन में साफ-सफाई नहीं रहेगी। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर मार्ग पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो गया है। यहाँ शीघ्र ही सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। बैठक में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ला, अन्य तकनीकी अधिकारी निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नियम विरुद्ध संचालित 6 बसे की गई जप्त और 41 बसों के कटे चालान



**रीवा !** कलेक्टर महोदय रीवा एवं मऊगंज के आदेशानुसार रीवा परिवहन विभाग द्वारा आरटीओ रीवा के साथ मिलकर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना एवं परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट द्वारा एक साथ यात्री बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाकर रिकार्डतोड़ कार्रवाही करते हुए 168 बसों को चेक किया गया जिनमें 6 बसे फिटनेश शर्तो के अनुरूप चलती नहीं पाई गईं , जिन्हें जप्त किया गया, इसके अलावा 41 बसों के विरुद्ध परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई।आज की यह कार्यवाही मऊगंज हनुमना रीवा सतना मार्ग के साथ ही रीवा प्रयागराज मार्ग पर की गई। जांच के दौरान बसों में परमिट,फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस,अग्निशमन यंत्र,स्पीड गवर्नर आपातकालीन द्वार के साथ ही विशेष रूप कोहरे के चलते बसों के लाइट इंडिकेटर बैक लाइट की विशेष रूप से जांच की गई । ठंड के चलते सड़क मार्ग पर दुर्घटना होने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है जिसके कारण आज जिला परिवहन अधिकारी रीवा द्वारा अपने मातहत स्टाफ के साथ मिलकर यात्री बसों की जांच की गई और नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके चालान बनाए गए, साथ ही सभी को यह समझाइए भी दी गई की मार्ग पर अत्यधिक कोहरा होने के कारण बसों को विशेष रूप से नियंत्रण में ही चलाएं मार्ग पर चलते समय लाइट इंडीगेटर का विशेष रूप से सही इस्तेमाल करें जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। आज की कार्यवाही में आरटीओ रीवा के साथ प्रभारी परिवहन सुरक्षा स्क्वाड, प्रभारी परिवहन चेक पोस्ट हनुमना और परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट का स्टाफ शामिल रहा। आज की इस चालानी कार्यवाही से 96000 रुपए का राजस्व अर्जित किया गया।

## महिला बाल विकास विभाग सिरमौर 2 में व्यापक भष्टाचार, लोग परेशान

### प्रभारी परियोजना अधिकारी से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हो रहीं प्रताड़ित, शिकायतों का लगा अम्बार

**रीवा।** सेमरिया,महिला एवं बाल विकास विभाग सिरमौर क्रमांक.2 सेक्टर सेमरिया का परियोजना कार्यालय भृष्टाचार की गिरफ्त में है स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि लगभग 3 महीने से प्रभारी परियोजना अधिकारी कार्यालय में नही देखी गई हैं और सेमरिया सेक्टर के 90% गांव के आंगनवाड़ी केंद्र नही खुल रहे हैं और ना ही पोषण आहार का वितरण बच्चों को किया जा रहा है इसमें प्रभारी परियोजना अधिकारी की लापरवाही का नतीजा बताया जा रहा है सूत्रों की माने तो आगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से आगनवाड़ी केंद्रों से वशूली की जाती है जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहमत नहीं होती हैं उनको मानसिक रूप से प्रताड़ति भी किया जाता है। सुपरवाइजर रहते हुए इनके द्वारा आगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को प्रताड़ित किया गया था जिसकी आगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा थाना में रिपोर्ट भी की गई थी सूत्रो की माने तो ग्राम दुवारी में आगनवाड़ी कार्यकर्ता की जगह रिक्त होने पर नियुक्ति हेतु कई आवेदन किए गए थे जिसमे बेवा आरती कोल के सबसे ज्यादा नंबर होने के बावजूद भी नियुक्ति नही दी जा रही है प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा यह बताया जाता है कि नियुक्ति में आपत्ति लगी हुई है जबकि आपत्ति की सुनवाई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हो चुकी है और आपत्ति निराधार पाई गई है आरती कोल ने प्रभारी परियोजना अधिकारी पर लेनदेन का आरोप लगाया है उनकी नियुक्ति न होने पर 181 के पंजीयन क्रमांक 25462912 में शिकायत भी दर्ज कराई गई है जिसकी जांच चल रही है आरती कोल ने हक की लड़ाई हेतु सभी न्यायिक दरवाजे खटखटाने की बात कही है।




वही सेमरिया सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता विवेक गौतम ने बताया की प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा विगत 6 महीनों से किसी आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण आहार का परिवहन नही किया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने निजी परवहन से पोषण आहार ले जाती हैं जबकी प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा फर्जी विल लगा कर पैसा निकाल लिया जाता है जिसकी जानकारी rti के माध्यम से निकाली गई है विवेक गौतम ने आरोप लगाया है कि प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा पोषण आहार के परिवहन के नाम पर माह जून, जुलाई, अगस्त में किसी व्यक्ति के नाम से बिल लगाया है जबकी परिवहन किया ही नही गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने निजी परिवहन से पोषणअपने केंद्र ले जाती है जिसकी फोटो और वीडियो भी उपलब्ध है श्री गौतम ने बताया कि इसकी शिकायत उच्च लेवल पर की जाएगी और यह मामला हाई कोर्ट में ही जाकर रुकेगा साथ ही स्थानीय लोगो ने स्थाई परियोजना अधिकारी के स्थापना की मांग की है ।

## प्रधानमंत्री जी मंशा के अनुसार हर पात्र तक योजनाओं का लाभ देगी संकल्प यात्रा : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम कोठी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित शिविर में आमजनों से संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर क्षण गरीबों के कल्याण की चिंता करते हैं। शासन की योजनाओं की जानकारी देने और लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। हजारों हितग्राही अब तक इससे लाभान्वित किए गए हैं।

संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ देगी। आमजनता की मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के पास जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करे। इस गांव में किसान सम्मान निधि का ठीक से क्रियान्वयन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ पाने के लिए बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही वंचित हैं। संबंधित अधिकारी हर पात्र हितग्राही का आवेदन पत्र शिविर में ही तैयार कराकर सात दिवस में योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में कन्या पूजन कर बेटियों का सम्मान किया। उन्होंने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई भी की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन जाने से बड़े से बड़े रोग का उपचार हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने विन्ध्य को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उपहार देने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड से गरीब को पाँच लाख रुपए के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी है। आयुष्मान कार्ड से सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में लगभग दो हजार रोगियों की एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो गरीब को इसका लाभ नहीं मिलता। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना नाममात्र के प्रीमियम पर आकस्मिक मौत होने पर आश्रितों को चार लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। एक साल में केवल 456 रुपए का प्रीमियम देकर दोनों बीमा योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। जिनके बैंक में खाते हैं वे इन बीमा योजनाओं के फार्म अवश्य भरें। संकल्प शिविर में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खौर कोठी क्षेत्र में बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश की समस्या है। यहाँ से दो सौ गौवंश बसामन मामा गौ अभ्यारण्य भेजे जाएंगे। गौ माता धार्मिक ही नहीं आर्थिक दृष्टि से भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। इसका गोबर और गोमूत्र खाद और कीटनाशक बनाने में काम आता है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में 10 हजार गौवंश की व्यवस्था की गई है। यह अभ्यारण्य पूरे प्रदेश के लिए माडल बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशीलता से जनहित के कार्य करने पर ही सुशासन आएगा। गरीबों के कल्याण और विन्ध्य के विकास के लिए मैं लगातार प्रयास करता रहूंगा। आप सबने भरपूर आशीर्वाद देकर मुझे जो शक्ति दी है वह गरीबों के कल्याण और क्षेत्र के विकास में ही उपयोग होगी। समारोह में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक जिले के 182 ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा चुकी है। इनमें एक लाख 16 हजार से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी निभाई है। यात्रा के दौरान लगाए गए शिविरों में शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। हजारों हितग्राहियों ने शासन से मिली योजनाओं की खुशी इन शिविरों में जाहिर की। शिविर के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनमें अब तक तीन हजार सात सौ से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### हाथी के हमले से घायल विधवा का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी



**अनूपपुर।** जिले में 14 दिनों से निरंतर विचरण कर रहा एक नर हाथी द्वारा जो गुरुवार की शाम वन परिक्षेत्र जैतरी के गोवरी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 302 ठेंगरहा के जंगल से शाम-रात को विचरण करते हुए शुक्रवार की सुबह 3:30 बजे छुलहा स्टेशन के पास सेन्दुरी गांव के निवासी 36 वर्षीय फूलबाई पति स्व,कामता प्रसाद राठौर पर अचानक तिपान नदी के किनारे स्थित खेत में बने घर में अपनी पुत्री रोषनी के साथ सो रही थी तभी अचानक तिपान नदी के ओर से आए हाथी की आहट पाकर मां एवं पुत्री घर से भागने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान फूलबाई को पकड कर जमीन में पटक दिया जिससे फूलबाई के चेहरा, पैर एवं पीठ में चोट आई वन विभाग के रात्रि गश्ती दल के राजबली साकेत, पंकज सिंह, राकेश रौतेल, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल ग्राम पंचायत सेंदुरी के उप सरपंच मोहन राठौर, ग्राम पंचायत छुल्हा के सरपंच प्रतिनिधि पप्पू रौतेल मौके पर पहुंचकर हाथी के हमले से घायल महिला को गश्ती दल वाहन से जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले जाकर ड्यूटी डॉक्टर विपिन कुमार से परीक्षण कराया तथा उपचार हेतु भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गयाविधवा फूलबाई की पति की की वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गई रही।

### कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ मे जोरों पर मनमानी



**राजेन्द्रग्राम।** बच्चों को स्कूल भेजे जाने का उद्देश्य शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा नागरिक बनना तो है ही साथ ही शिक्षा विवेकोपार्जन में भी प्रमुख भूमिका निभाती है, लेकिन मौजूदा समय में कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ प्राचार्य की मनमानी से यहां शिक्षार्जन तो दूर की बात शोषण जरूर हो रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पुष्पराजगढ़ मे 500 सीटर कन्या शिक्षा परिसर मे छात्राओ के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लाखों करोड़ों रुपये प्रति वर्ष खाना कपड़ा और अच्छी शिक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए विभिन्न शिक्षको की नियुक्ति किया गया है ताकि अच्छी शिक्षा प्राप्त किया जा सके। मध्यप्रदेश सरकार के मंशानुरूप 3 माह पूर्व कन्या शिक्षा परिसर में कम्प्यूटर शिक्षक व आपरेटर की भर्ती प्रक्रिया किया जाना था जिसका विज्ञापन जारी किया गया। विज्ञापन के परिपेक्ष्य में आवेदन प्राप्त हुआ किन्तु 3 माह गुजर गया आज तक कम्प्यूटर शिक्षक की भर्ती नही हो पाई जिससे पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है वही प्राचार्य अपनी तानाशाही रवैये से बाज नही आ रही है। इतना ही नही कई ऐसे कार्य है जिन्हें हिटलरशाही की तरह अंजाम दे रही है। यदि यही स्थिति बनी रही तो छात्राओ का भविष्य अंधकार में जा सकता है।

### आरटीओ, कोतवाली व यातायात ने की संयुक्त कार्रवाई

# गुना हादसे के बाद अनूपपुर प्रशासन की खुली नींद


**अनूपपुर।** गुना हादसे ने सभी को दहला कर रख दिया। बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना के बाद आग लगने से 13 लोगों की जिन्दा जलकर मौत हो गई। जबकि 17 लोग घायल हो गए है। जिसके बाद सरकार ने एक्शन लेते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई भी की है वहीं अब इस हादसे से सबक लेते हुए अनूपपुर में आरटीओ विभाग,कोतवाली पुलिस एवं यातायात विभाग भी सक्रिय हो गया है।

यहां अनफिट वाहनों की चेकिंग की गई। बस, ऑटो एवं अन्य वाहनों में फिटनेस परमिट आदि की जांच की गई। वाहनों में दस्तावेज नहीं मिलने पर चालान भी कटा गया। गाड़ियों पर परमिट और फिटनेस की एक्सपायरी डेट भी पेंटर से मौके पर लिखवाई गई। गुना में हुए हादसे के बाद अनूपपुर आरटीओ, कोतवाली पुलिस एवं जिला यातायात वाहनों की सघन जांच कर रहा है। अनूपपुर के बस स्टैंड, अंडरब्रिज एवं अन्य स्थानों पर बस, ऑटो के फिटनेस और परमिट की जांच की गई। मौके पर फिटनेस, बीमा, परमिट की जानकारी बस व ऑटो पर लिखवाई गई। यह हिदायत भी दी कि समय खत्म होने के पहले ही फिटनेस,बीमा,परमिट को रिन्यू कर लें। ऐसा नहीं करने पर चालान बनाया जाएगा एवं कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त कार्यवाही में आरटीओ प्रमुख सुरेंद्र सिंह गौतम, कोतवाली निरीक्षक अमर वर्मा, जिला यातायात प्रभारी विवेक दुबे एवं उनका स्टाफ उपस्थित था। बताया गया कि जिले की प्रत्येक बसों तथा सभी प्रकार के यात्री वाहनों की लगातार जांच की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर सख्त चालानी कार्यवाही के साथ-साथ जप्ती तथा परमिट, फिटनेस निरस्त की कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक वाहन स्वामी अपने वाहनों की कमियों को पूर्ति करने के बाद ही सड़क मार्ग पर अपने वाहनों को संचालित करे।



### जमीन बंटवारे के लिए पटवारी ने मांगी 1 लाख की राशि, कलेक्टर से की शिकायत

# जब एक लाख होगा करीब तभी पटवारी चलायेगा बंटवारे के लिए जरीब


श्रीमान कलेक्टर महोदय
अनूपपुर जिला अनूपपुर (म.प्र.)

### पटवारी हल्का बकेली का मामला

**अनूपपुर।** पारिवारिक जमीन के बंटवारे के मामले में आवेदक ने हल्का पटवारी की इस बात की शिकायत की है कि बंटवारा करने के नाम पर पटवारी उनसे एक लाख रुपए की मांग कर रहा है। जबकि उनके द्वारा पहले ही उन्हें पैसा दिया जा चुका है बावजूद इसके आज तक आवेदक कार्यालय के चक्कर काट रहा है लेकिन पटवारी है कि उनका काम नहीं कर रहा है जिस बात की शिकायत पीड़ति ने कलेक्टर से की है। शिकायत

### पारिवारिक जमीन के बंटवारे में पटवारी की कारस्तानी

पत्र के आधार पर ग्राम बिछिया तहसील बुढार के रहने वाले कमलेश पिता गोमती केवट ने चार माह पूर्व जिला मुख्यालय से सटे ग्राम बकेली की आरजी खसरा नंबर 177 खाते की भूमि में बंटवारा करने के लिए नायब तहसीलदार फुनगा में आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर नायब तहसीलदार के द्वारा 13 सितम्बर को बाटन प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु पटवारी हल्का प्रवीण द्विवेदी को दिया गया। जिस पर आवेदक ने जब पटवारी से संपर्क किया तो पटवारी के द्वारा पैसों की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में बताया है कि पटवारी को आवेदक के द्वारा पहले 20 हजार दे दिया गया था बावजूद इसके पटवारी लगातार 1 लाख की मांग कर रहा है। पटवारी का कहना था कि बिना पैसे पूरा किया उसका कोई भी काम नहीं हो सकेगा इतना ही नहीं पीड़ति ने यह भी बताया कि रोजाना पटवारी उसे तहसील कार्यालय बुलाकर परेशान करने का भी काम कर रहा है जिस बात से दुखी होकर आज आवेदक कमलेश केवट ने पटवारी के खिलाफ कलेक्टर को शिकायत देकर आवेदन पर कार्रवाई करने की मांग की है।

#### इनका कहना है

मैने कोई पैसे की मांग नही की है।

**प्रवीण द्विवेदी, पटवारी**
**हल्का बकेली, ग्राम बकेली**

***************

शिकायत प्राप्त हुई है पटवारी को बुलाया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।
मंगलदास चक्रवर्ती

**नायब तहसीलदार, फुनगा**

# महिला से सामूहिक बलात्कार करने 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

### न्यायालय ने चार लाख प्रतिकर दिलाए जाने का भी किया आदेश पारित



**अनूपपुर।** माननीय द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर के न्यायालय से सत्र प्रकरण क्र0 19/21, थाना भालूमाडा के अपराध क्रमांक 17/21 अन्तर्गत धारा 363, 365, 34, 366, 376, 376(2)(एन), 120बी, 376(डी), 392 भादवि के आरोपीगण बबलू राठौर पिता मुन्नू राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 जैतहरी जिला अनूपपुर, नत्थूलाल राठौर पिता शुद्धू राठौर उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम पाटन अमहाटोला थाना जैतहरी जिला अनूपपुर, अनुरूद्ध प्रताप राठौर पिता चरणलाल राठौर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम क्योंटार टिकरीटोला थाना जैतहरी जिला अनूपपुर को दोषी पाते हुए अधिकतम आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवन तक) तथा कुल 30000/- रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामले में राज्य की ओर से लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने पैरवी की है। लोक अभियोजक ने न्यायालयीन निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि पीडिता 11.07.2020 को अपने 10 महीने के अबोध पुत्र की चिकित्सा कराकर लौट रही थी, जैसे ही वह नगर पालिका के गेट के पास पहुंची, आरोपी नत्थू और बबलू ने उसे जबरन उसके अबोध पुत्र सहित मोटरसाईकिल में बैठाकर आगे लेकर आये जहां से अन्य अभियुक्त अनुरूद्ध भी शामिल हो गया, जिन्होंने पीडिता को तहसील कार्यालय के पास लाकर एक निजी क्लीनिक में उसके साथ उसकी मर्जी के बिना बलात्संग कारित कर उसे अन्य स्थान में ले जाकर पीडिता के साथ बलात्संग की घटना कारित की, जिसके संबंध में वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची उसी समय उसके पति भी पीडिता एवं उसके पुत्र की गुमशुदगी की शिकायत करने पहुंचे थे, जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी कायम की, उसी दौरान पुलिस द्वारा पीडिता के थाने पहुंचने पर पीडिता द्वारा बतायी गई घटना की जानकारी के आधार पर पीडिता की दस्तयाबी संबंधी कार्यवाही करते हुए पीडिता को चिकित्सीय परीक्षण हेतु भेजते हुए मामले को विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना अभियुक्तगण को अभिरक्षा में लेकर अनुसंधान समाप्ति के बाद अभियोगपत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां विचारण पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषी पाते हुए उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया है।

# अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रात 3 बजे पहुंचे कोतवाली अनूपपुर

### निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



अनूपपुर। पुलिस महानिदेशक म.प्र. के आदेशानुसार 27 दिसंबर 2023 को सम्पूर्ण म.प्र. में जमीनी स्तर के ए.डी.जी., आई.जी., डी.आई.जी और पुलिस अधीक्षकों को रात्रि 12 बजे से सुबह 5 बजे तक अपने क्षेत्राधिकार के कम से कम 02 थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी अनुक्रम में शहडोल जोन के ए.डी.जी., डी.आई.जी, पुलिस अधीक्षक शहडोल, पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा उपरोक्त आदेश के पालन में कार्यवाही की जिसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जॉन डीसी सागर कोतवाली अनूपपुर एवं कोतमा का रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण किए। एवं पुलिस को निर्देश दिए-लंबित आपराधिक प्रकरणों की विवेचना पूर्ण करें व न्यायालय में चालान लगावें।न्यायालय से जो आरोपी जमानत पर रिहा है उनके द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने पर उनके जमानत रद्द कराने की कार्यवाही विधिवत संपादित करें। इस संबंध में शासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करें।ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित निदेर्शों का पालन करें और जनता से करावे। खुले में मांसाहारी बिक्री को बंद कराने के प्रभावी वैधानिक कदम उठावें। फरार वारण्टियों की गिरफ्तारी के संबंध में रणनीति के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही करें। निगरानी बदमाश, गुण्डा एवं माफी बदमाश पंजी को अद्यतन करे।थाने में आने वाले फरियादियों को संवेदनशीलता से सुनें तथा उस पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करें।थाने की साफ सफाई रखें एवं रिकार्ड का व्यवस्थित संधारण करें। जिला स्तर पर एक पुलिस बैड पार्टी का गठन के नामांकन हेतु पुलिस अधि/कर्म. को सहमति वावत बताया गया। इस अवसर पर कोतवाली में एसडीओपी सुमित केरकेट्टा एवं कोतवाली निरीक्षक अमर वर्मा एवं उनका स्टाफ कोतवाली में मिला।

# 7 माह से थाने में धूल खा रहे कलेक्टर न्यायालय के आदेश को एफआईआर की दरकार

### खुले आसमान में जब्त पड़ी लाखों की धान भी हो रही खराब



### मामला ओपेन कैप पयारी में 700 बोरी शासकीय धान की कालाबाजारी का

अनूपपुर। एमपीडब्ल्यूएलसी के ओपेन कैंप पयारी के तत्कालीन प्रभारी पुष्पराज सिंह बघेल कनिष्ठ सहायक द्वारा शासकीय धान की अफरा-तफरी व कालाबाजारी किए जाना प्रमाणित पाते हुए कलेक्टर न्यायालय द्वारा 30 मई 2023 को कनिष्ठ सहायक पुष्पराज सिंह बघेल के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने तथा जप्तशुदा धान की नीलामी कर राशि शासकीय कोष में जमा कराना लेख किया गया है, लेकिन 7 माह बीत जाने के बाद भी आज तक भालूमाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज नही हो सकी है। जबकि उक्त मामले में ओपेन कैप पयारी में जब्त 700 बोरी वजन 268.66 क्विंटल धान अब पूरी तरह से खराब होने के कगार पर पहुंच गया है। पूरे मामले में पुलिस विभाग द्वारा कलेक्टर न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर दिया गया है।

#### यह था मामला

ओपेन कैंप पयारी में वर्ष 2020-21 व वर्ष 2021-22 की उपार्जित धान का भण्डारन कराया गया है, जहां से कैम्प प्रभारी श्री बघेल द्वारा 8 जून 2022 को एक ट्रक शासकीय धान चोरी कराये जाने संबंधी शिकायत की जांच 14 जून 2022 को वेयर हाउस अनूपपुर के जिला प्रबंधक अशोक रघुवंशी एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के जिला प्रबंधक ए के. रावत द्वारा की गई। जिसमें 234 बोरी पुरानी धान स्टॉक में कम पाए प्रबंधक संचालक एमपीडब्ल्यूएलसी द्वारा 21 जून 2022 को कैप प्रभारी श्री बघेल को निलंबित कर दिया गया, 24 जून 2022 तक उक्त कैम्प में धान के जमा भुगतान का कार्य कराकर अभिलेख का संधारण किया गया। कैंप में भण्डारित धान के स्टाक का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 700 बोरी नई धान वर्ष 2021-22 कैंप में भण्डारित पाई गई है जबकि आनलाइन व आफलाइन स्टाक पंजी में नई धान वर्ष 2021-22 का स्टाक निरंक दर्ज पाया गया। 28 जून 2022 को उक्त भण्डारण स्थल के कैंप सी-19 में भण्डारित नई धान वर्ष 2021-22 का सत्यापन किया गया, जिसमें वर्ष 2021-22 में उपाति धान 700 बोरी भण्डारित पाई गई, जिनमें समस्त बोरियों पर नीले रंग के धागे डबल सिलाई होना तथा सभी बोरियों में म.प्र. स्टेट सप्लाइज कार्पोरेशन जिला अनूपपुर, सरस्वती स्व सहायता समूह छिलपा समिति खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 लिखा होना पाया गया।

#### कालाबाजारी हुई प्रमाणित

प्रकरण में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन 22 जुलाई 2022 में कनिष्ठ सहायक पुष्पराजसिंह बघेल द्वारा राइसमिलर्स के साथ सांठ-गांठ कर शासकीय धान की अफरा-तफरी वा कालाबाजारी किया जाना पाया गया तथा धान का स्टॉक निरंक बताकर शासन को 5 लाख 21 हजार 200 रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। जिस पर पुष्पराज सिंह ने उक्त धान अनुभवहीनता व सम्पूर्ण ज्ञान नहीं होने के कारण स्टाक पंजी में निरंक करना बताया गया था।

#### 7 माह बाद भी थाना में धूल खा रही कलेक्टर न्यायालय का आदेश

शासकीय धान की हेराफेरी वा कालाबजारी प्रमाणित होने के बाद कलेक्टर न्यायालय अनूपपुर द्वारा एमपीडब्ल्यूएलसी के ओपेन कैंप पयारी के तत्कालीन प्रभारी पुष्पराज सिंह बघेल के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता के तत्कालीन प्रभारी पुष्पराज प्रावधानों के तहत पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर को निर्देशित किया गया था। जिसके बाद खाद्य विभाग द्वारा भालूमाड़ा थाना में प्रकरण से संबंधित संपूर्ण फाइल, जांच रिर्पोट के साथ ओपेन कैप पयारी से जब्त 700 बोरी धान से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिया गया, लेकिन बावजूद इसके कलेक्टर न्यायालय द्वारा पारित आदेश थाना में धूल खा रही है।

#### खराब होने के कगार पर पहुंचा 700 बोरी चावल

शासकीय धान के अफरा तफरी वा कालाबाजारी में जब्त 700 बोरी वजन 268.66 क्विटल धान खुले आसमान में पड़े होने के कारण खराब होने के कगार पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 में पयारी कैंप के सी-19 में खुले आसमान के नीचे पड़ी है। जहां पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मनमानी व अपने हठधर्मिता के कारण लगभग लाखों की धान खराब हो रही है। एक तरफ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कलेक्टर न्यायालय के पारित आदेश का उल्लंघन कर रहे है तो वहीं दूसरी तरफ खुले आसमान में जब्त पड़ी लाखों की धान की नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नही की जा सकी है। जबकि कलेक्टर ने एक माह के भीतर ही उक्त शासकीय धान की नीलामी कराकर उससे प्राप्त राशि को शासन के खजाने में जमा कराए जाने के आदेश है।

#### इनका कहना है

मामला मेरे संज्ञान में नही है, जानकारी लेकर कार्यवाही करवाई जाएगी।

**तन्मय वशिष्ठ शर्मा**
**प्रभारी कलेक्टर अनूपपुर**

************************

पूरे मामले में थाना भालूमाड़ा प्रभारी से चर्चा करते हुए कार्यवाही करवाई जाएगी।

**शिव कुमार सिंह**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

# प्रन्युस द्वारा किया जा रहा कैरियर काउंसलिंग का आयोजन



**अनूपपुर।** प्रणाम नर्मदा युवा संघ के शेयर एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत पुष्पराजगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में 12वीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में 12वीं के बाद उच्च शिक्षा हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली समान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2024 की परीक्षा के संदर्भ में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई जिसमें सीयूईटी परीक्षा क्या है, इसका पैटर्न, आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन की तारीख एवं सभी नियमों को विस्तार से छात्र-छात्राओं को बताया गया। जानकारी के अभाव में आसपास के क्षेत्रीय बच्चे केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन नहीं कर पाते थे जिसकी वजह से वह उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं जिले में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में प्रवेश हेतु भी सीयूईटी की परीक्षा देना अनिवार्य है। इन सभी बातों को देखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडकी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेजरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमगवां एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी में करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया, प्रनयुस के अध्यक्ष विकास चंदेल एवं सचिव हरीश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में संस्था के वॉलेंटियर विवेक मिश्रा और अविनाश आनंद द्वारा छात्र-छात्राओं को सीयूईटी से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की, इसी संदर्भ में छात्रों ने अपने मन के प्रश्न पूछे और उन सभी प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया गया। गौरतलब है कि संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से क्षेत्रीय बच्चों की शिक्षा को बढ़ाने हेतु इस तरह के प्रयास किया जा रहे हैं जिससे बहुत से ग्रामीण तथा जनजाति बच्चों का उच्च शिक्षा हेतु विभिन्न विश्वविद्यालय में चयन हुआ है।